## मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

# (ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

## केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

**दिनांक:15 मई 2015**

# जोधपुर

### जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

| मौसमीतत्व / दिनांक | 15/05/15 | 16/05/15 | 17/05/15 | 18/05/15 | 19/05/15 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मि.मी.) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| अधिकतम तापमान (°सेल्सियस) | 40 | 41 | 42 | 43 | 44 |
| न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस) | 26 | 27 | 27 | 28 | 28 |
| बादलों की स्थिति (ओक्टा) | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह | 37 | 36 | 34 | 32 | 28 |
| सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम | 18 | 16 | 14 | 12 | 10 |
| हवा की गति (कि.मी/घंटा) | 18 | 16 | 24 | 14 | 12 |
| हवा की दिशा | पश्चिम | पश्चिम | पश्चिम | पश्चिम | पश्चिम |

### मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

मौसम शुष्क रहनें की संभावना को ध्यान में रखते हुए बैंगन, मिर्च व टमाटर में हल्की सिंचाई करें। जहां तक संभव हो सिंचाई सुबह या रात के समय ही करें।

कुष्माण्ड कुल की सब्जियों में लाल मकड़ी के नियंत्रण हेतु प्रोपारजाईट 57 ई.सी. 1 मि.ली. दवा प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।

खीरा वर्गीय फसलों में फल मक्खी के नियंत्रण हेतु मैलाथियॉन 50 ई.सी. या डाईमिथोऐट 30 ई.सी. एक मिली लीटर का प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

बेर की कटाई–छंटाई का उपयुक्त समय मई के तीसरे सप्ताह तक है।कटाई–छंटाई द्वितीय शाखा तक करें।

पशुओं में बाह्य परजीवियों की रोकथाम हेतु ब्यूटॉक्स 2–3 मि.ली. प्रति लीटर की दर से पानी में घोल कर सावधनी पूर्वक पशुशाला में छिड़काव करें।